प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी भोपाल
दोपहर समाचार
दिनांक 27.05.2025 समय: 2.10 PM

प्रधानमंत्री गुजरात

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज कहा कि हाल की घटनाओं ने साबित कर दिया है कि भारत के खिलाफ तथाकथित छद्म युद्ध वास्तव में एक सुनियोजित युद्ध रणनीति है। गुजरात के गांधीनगर में एक जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि 6 मई की घटनाओं के बाद, भारत को अब आतंकवादी गतिविधि का सबूत देने की आवश्यकता नहीं है - अब सीमा पार के लोग खुद सबूत दे रहे हैं।

प्रधानमंत्री

श्री मोदी ने कहा कि भारत किसी के साथ दुश्मनी नहीं चाहता और शांति से रहना चाहता है। इससे पहले प्रधानमंत्री मोदी ने गांधीनगर के महात्मा मंदिर में 5 हजार 536 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया।

पद्म पुरस्कार

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु आज शाम राष्ट्रपति भवन में दूसरे नागरिक अलंकरण समारोह में कुल 68 प्रतिष्ठित हस्तियों को पद्म पुरस्कार प्रदान करेंगी। देश के सर्वोच्च नागरिक पुरस्कारों में से एक- पद्म पुरस्कार, तीन श्रेणियों में प्रदान किए जाते हैं - पद्म विभूषण, पद्म भूषण और पद्म श्री। ये पुरस्कार कला, सामाजिक कार्य, सार्वजनिक मामले, विज्ञान और इंजीनियरिंग, व्यापार और उद्योग, चिकित्सा, साहित्य और शिक्षा, खेल तथा प्रशासनिक सेवा सहित विभिन्न विषयों और क्षेत्रों में दिए जाते हैं।

जल गंगा संवर्धन अभियान

प्रदेश में जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत घाटों के पुनरुत्थान, रखरखाव, साफ-सफाई एवं संरक्षण किया जा रहा है. इस दिशा में आगे बढ़ते हुए आज मुख्यमंत्री डा मोहन यादव ने भोपाल में शीतलदास की बगिया घाट पर स्वच्छता हेतु श्रमदान में सहभागिता की। उन्होंने कहा कि gमारी सरकार जल गंगा संवर्धन अभियान को जनांदोलन बनाकर जल स्रोतों के संरक्षण, स्वच्छता और उनके पुनर्जीवन के लिए संकल्पित है।

बाइट: मोहन यादव

मध्यप्रदेश हाईकोर्ट जज

मध्यप्रदेश जबलपुर हाईकोर्ट में तीन नए जजों की नियुक्ति की गई है। इनमें जबलपुर के अधिवक्ता अमित सेठ और ग्वालियर से दीपक खोट और पवन द्विवेदी शामिल हैं। इसके साथ ही कार्यरत जजों की संख्या 35 हो गई है। वहीँ, सुप्रीम कोर्ट ने 5 जजों के नामों की मुख्य न्यायाधीश के लिए सिफारिश की है। मध्यप्रदेश हाईकोर्ट के लिए जस्टिस संजीव सचदेवा के नाम की सिफारिश की गयी है।

मोटापा प्रशिक्षण

नर्मदापुरम में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन द्वारा नॉन एल्कोहलिक फैटी लिवर डिजीज के लक्षणो को पहचानने और उपाय के लिये स्वास्थ्य से जुड़े लोगों को ऑनलाइन प्रशिक्षण दिया गया। नर्मदापुरम के सीएमएचओ डा दिनेश दहलवार ने बताया कि इस बीमारी का कारण जीवन शैली है.

डा दिनेश दहलवार

समाचार संक्षेप में.

- देवी अहिल्याबाई होल्कर की 300 वीं जयंती के उपलक्ष्य में भोपाल के जंबूरी मैदान में 31 मई को आयोजित महिला सशक्तिकरण महासम्मेलन को लेकर आज एक महत्वपूर्ण बैठक होने जा रही है।
- आईपीएल टी-20 क्रिकेट में आज लखनऊ सुपर जायंट्स का सामना रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु से होगा।
- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार के तीसरे कार्यकाल का 1 वर्ष पूरा होने पर सरकार की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए छिन्दवाड़ा सांसद बंटी विवेक साहू 1 से 3 जून तक पद यात्रा करेंगे ।
- शिवपुरी जिले में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया जिसमें किशोर न्याय अधिनियम 2015 और बालकों के अधिकार के बारे में जानकारी प्रदान की गयी। और
- देश के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की आज 61वीं पुण्यतिथि पर जबलपुर में कांग्रेस नेताओं ने उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।